>

Title: Problems being faced by the people due to shortage of potable water in Salumbar Parliamentary Constituency, Rajasthan.

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर): सभापति जी, मैं आपके माध्यम से जल संसाधन मंत्री जी का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। मेरे संसदीय क्षेत्र में अरनौद,, प्रतापगढ़, सलूम्बर, धरियाबद सराड़ा, खैरवाड़ा, कोटड़ा और गोगुन्दा ऐसी तहसीलें हैं जो पहाड़ी और बिखरी हुई आबादी का क्षेत्र हैं। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोग शुद्ध पेयजल के अभाव में प्रतिवर्ष नारू और बाला रोग से पीड़ित हो जाते हैं। यह ऐसा रोग है, जिससे व्यक्ति विकलांग तक हो जाता है। राजस्थान में कुल 82,372 ऐसी आबादियां हैं, जो स्वच्छ पेयजल के अभाव में समस्या से ग्रसित घोषित हैं। [R87]यह कार्य राजीव गांधी पेय जल मिशन से होगा। समस्या ग्रस्त आबादी की इस समस्या को हल करने के लिए केन्द्र सरकार कदम उठाए।...(व्यवधान) एवं मांग अनुसार 16,200 करोड़ रुपये आवंटित करें ।.

MR. CHAIRMAN: It is for the Department of Water Supply of the Rajasthan Government to see.

श्री महावीर भगोरा (सलूम्बर) : सभापति जी, राजस्थान सरकार ने केन्द्र सरकार से 13955 करोड़ रुपये की मांग की है। मैं केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि इस पर जो 11585 करोड़ रुपये 11वीं पंचवर्षीय योजना में व्यय होने वाला है, उसे आवंटित कराएंगे तो इस समस्याग्रस्त आबादी को पेयजल की समस्या से राहत मिलेगी। मैं आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से आग्रह करूंगा कि पेयजल समस्या के निदान के लिए 11585 करोड़ रुपये आवंटित कराकर अनुगृहित करें। धन्यवाद।